हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 22 जून 2024

4

[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

योग भारत देश की प्राचीन विरासतः देवेन्द्र



## खबर संक्षेप

### बरमकेला के ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

**रायगढ़।** जिला पंचायत रायगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने ग्राम पंचायत पंचधार जनपद पंचायत बरमकेला के ग्राम पंचायत सचिव लक्ष्मीकांत बहिदार को अपने पदीय कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के लिए प्रथम दृष्टियां दोषी पाये जाने तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत बरमकेला निर्धारित किया गया है।

### प्रशासन समिति की सामान्य सभा 26 को

**रायगढ़।** जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल की अध्यक्षता में सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 26 जून को पूर्वान्ह 11 बजे से एवं सामान्य सभा की बैठक दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### श्रम विभाग ने मुक्त कराए तीन बाल मजदूर

**रायगढ।** शहर के सतीगुडी चौक स्थित एक आटो पार्ट्स की दुकान पर औचक कार्रवाई करते हुए श्रम विभाग ने तीन बाल श्रमिकों को मुक्त कराया और दुकान संचालक पर श्रम अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की। जानकारी के मुताबिक़ नगर के सतीगुडी चौक पर कटकवार आटो पार्ट्स की दुकान में तीन .चार बाल श्रमिक काम करते देखे जाने की सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से श्रम विभाग को प्राप्त हुई थी ए जिसके बाद शुक्रवार को श्रम विभाग के आधा दर्जन निरीक्षक व पुलिस जवान संबंधित आटो पार्ट्स की दुकान में पंहुचे और कम उम्र के बच्चों को काम करते पाया। इस पर कटकवार आटो पार्ट्स के संचालक से बात की गई तो उसने बताया कि बच्चे जरुरतमंद हैं और काम सीखने के लिए दुकान आये थे जिन्हें सामान्य कार्य दिखाया जा रहा है। वहीं श्रम विभाग ने तीनों बाल श्रमिकों को मुक्त कराते हुए दुकान संचालक पर बालश्रम नियमों के अंतर्गत कार्यवाही की।

### सीएचसी स्वास्थ्य कर्मियों का सामूहिक प्रदर्शन

**रायगढ़।** सारंगढ़ जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के द्वारा दिनांक 18 जून से चरणबद्ध तरीके से आंदोलन में शामिल होने की सूचना कलेक्टर जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ को दिए हैं। आलोक मिश्रा, प्रांताध्यक्ष छग प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का पत्र के आधार पर जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारीयों के द्वारा ज्ञापन दिया गया कि छग प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के आह्वान पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के तीन सूत्रीय मांगों हेतु जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी दिनांक 18 जुन 24 से संघ द्वारा चरणबद्ध तरीके से नियोजित आंदोलन में शामिल हो रहे है। चरणबद्ध आंदोलन का प्रारूप निम्नानुसार होगा 18 जून से 20 जून तक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के द्वारा समस्त ऑनलाईन रिपोर्टिंग कार्यों का बहिष्कार किया जाएगा। तत्पश्चात मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में मांग पूर्ण होने तक 21 जून से पूर्ण रूप से समस्त कार्यों का बहिष्कार शुरु कर दिया।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**रायगढ़।** चक्रधरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरलिया में एक बाइक सवार युवक ट्रैक्टर चालक की लापरवाही का शिकार हो कर घायल हो गया। परिजनों की शिकायत पर ट्रैक्टर के चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। इस संबंध में महेन्द्र पटेल पिता चीनी लाल निवासी ग्राम दनौट ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 15 जून की शाम 7 बजे उसका बेटा लखन पटेल घर से ग्राम बरलिया के शेखर साव के दुकान जाने के लिए मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 के 8820 से निकला था। ग्राम बरलिया हाईस्कूल के आगे भेलवाटिकरा मेन रोड के किनारे भगवानदास साव निवासी भेलवाटिकरा मकान बना रहा है और अपनी ट्रेक्टर से रोड किनारे गिटटी डंप कर रहा था।

## मेन्युफैक्चरिंग न एक्सपायरी डेट, शहर में खूब बिक रहे अमानक खाद्य पदार्थ

# नागरिकों की सेहत के साथ हो रहा खिलवाड़ कई पैकेट पर कंपनी तक का नाम नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर और कस्बों में छोटे से लेकर बड़े दुकानदार विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्री बेच रहे हैं। इन पैक्ड खाद्य सामग्रियों पर न तो पैकिंग तिथि अंकित होती है न एक्सपायरी डेट। कई बड़े व्यापारी गोदाम और घरों में ही खाद्य सामग्री प्रिंटेड पैकिंग में पैक करते हैं। जबकि यह तय मापदंडों के अनुसार नहीं है।

ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में छोटे से लेकर बड़े व्यापारी दुकानों और घरों में ही खाद्य सामग्री का निर्माण कर उन्हें बेच रहे हैं। इन खाद्य सामग्री का कब तक इस्तेमाल करना हैए एक्सपायरी कब होगीए तिथि का कोई अता.पता नहीं है। न ही उस पर बैच नंबर प्रिंट रहता है। यह खाद्य सामग्री होटल और रेस्टोरेंट में भी पहुंच रही है। इसमें आटा, नमकीनए ब्रेडए टोस्ट समेत अन्य खाद्य

⏭ शेष पेज 4 पर



### लापरवाही पर सजा और जुर्माना

यदि किसी खाद्य सामग्री के पैकेट पर एक्सपायरी डेट नहीं है। इसके अलावा पैकिंग का तरीका असुरक्षित है तथा बैज नंबर व पता भी उल्लेखित नहीं है तो इसे न केवल घोर लापरवाही माना जाएगा। बल्कि नियमों का पालन नहीं करने वाले दुकानदार व कंपनी के खिलाफ 3 से 5 लाख रुपए तक जुर्माना करने का प्रावधान है।

### नमकीन व मसाला पैकेटों पर नहीं मेन्युफेक्चरिंग डेट

जगह-जगह होटल व दुकानों पर साधारण पॉलीथिन में पैक मक्खन टिकिया, नमकीन, मसाला व अन्य खाद्य सामग्री बेची जा रही है। इन पैकेट पर मेन्युफेक्चरिंगरिंग डेट है न एक्सपायरी डेट। जब विक्रेताओं से यह पूछा गया कि इन खाद्य पदार्थों को कौन बना रहा है तथा उनका ठिकाना कहां है तो दुकानदारों के पास इसका जवाब नहीं था। दुकानदार भी मुनाफे के लालच में लापरवाही बरत रहे हैं। फूड सेफ्टी की किसी भी गाईडलाईन का पालन नहीं हो रहा है। मुनाफे का लालच लोगों की जान का दुश्मन बना बैठा है।

### एक्ट के तहत लाइसेंस लेना आवश्यक

- 12 लाख से ज्यादा के आय.व्यय वाले दुकानदारों को फूड सिक्योरिटी एक्ट के तहत लाइसेंस लेना आवश्यक।
- 12 लाख से कम आय वाले दुकानदारों को खाद्य औषधि प्रशासन विभाग में पंजीयन करना होगा।
- खाद्य सामग्री के पैकेट पर निर्माता कंपनी का नाम और पते का स्पष्ट उल्लेख हो।
- यदि उत्पादक ने किसी खाद्य सामग्री में रंग मिलाया है, तो उसकी क्वालिटी का स्पष्ट उल्लेख हो।
- खाद्य सामग्री के पैकेट पर न्यूट्रीशियन वैल्यूए बैज नंबरए निर्माण तिथि और एक्सपायरी डेट का अंकित होना आवश्यक है।
- अमानक खाद्य पदार्थ जिनके पैकेट पर एक्सपायरी डेड, रेट, निर्माता कंपनी का नाम व पते का उल्लेख नहीं है।

### सेहत को नुकसान

अमानक खाद्य पदार्थों का सेवन शरीर के लिए नुकसानदायक है। इससे बीमारी होने की संभावना बढ़ जाती है। इन खाद्य पदार्थों को ज्यादा दिनों तक भी नहीं रखा जा सकता है।

**-डॉ.एके गुप्ता,** वरिष्ठ फिजीशियन

### होगी जांच

ऐसे मामलों में शिकायत के अभाव में जांच व कार्रवाई प्रभावित होती है। शहर में गुणवत्ताहीन खाद्य सामग्री के बिक्री की जांच जल्द शुरु की जाएगी।

**-मोहित बेहरा,** निरीक्षक, खाद्य एवं औषधि विभाग

### सड़क किनारे खुले में बिक रही खाद्य सामग्री

शहर के मुख्य बाजार जिनमें संजय काम्प्लेक्स, पुरानी हटरी, गांधी प्रतिमा, घड़ी चौक, कोतरा रोड, केवडाबाडी, ढिमरापुर, चक्रधर नगर, अनेक क्षेत्रों में सडक किनारे हाथठेलों में धड़ल्ले से खाद्य सामग्रियों में समोसा, कचोरी, पोहा, भजिया, मंगोड़े और छोले भटूरे इत्यादि बेची जा रही हैं। जिनमें समोचा, मंगोड़े और छोलू भटूरे के तलने के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले खाद्य तेल का लगातार प्रयोग किया जाता है। जो कि स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है।



कार्रवाई के दौरान जब्त टैंकर।

# 34 केएल डीजल लोड टैंकर खाद्य विभाग ने किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के घरघोड़ा तहसील में स्थित कलिंगा कमर्शियल कार्पो. लिमि. के द्वारा डीजल एचएसडी बीएस व्हीआई के अवैध विक्रय किये जाने हेतु गुजरात के जामनगर रिफाईनरी से मंगाये गये 34 केणएल डीजल लोडमय टैंकर क्रमांक जीजे 12 बी एक्स 9751 को खाद्य विभाग रायगढ़ द्वारा जप्त किया गया है।

- गुजरात के जामनगर रिफाईनरी से मंगाया गया था डीजल

जांच में यह पाया गया कि कलिंगा कमर्शियल कार्पो.लिमि द्वारा एमएस एचएसडी का क्रय विक्रय बिना अनुज्ञा के किया जा रहा है, इसके द्वारा तलईपाली कोल माईनिंग में लगे वाहनों को डीजल सप्लाई किया जाता है। जांच में यह तथ्य पाया गया कि उपरोक्त मंगाए गए 34 केएल डीजल का कुल क्रय मूल्य 26 लाख 86 हजार 536 रूपये है जो कि 01 लीटर का मूल्य 79 रूपये होता है, जबकि घरघोड़ा क्षेत्र में 01 लीटर डीजल का विक्रय मूल्य लगभग 94.24 रूपये 15 रूपये मार्जिन अवैध लाभ लिया जा रहा है। कलिंगा कमर्शियल कार्पो. लिमि. के विरूद्ध छग मोटर स्पिरिट एवं हाई स्पीड डीजल ऑयल अनुज्ञापन तथा नियंत्रण आदेश 1980 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत प्रकरण खाद्य विभाग द्वारा तैयार कर प्रकरण न्यायालय कलेक्टर में प्रस्तुत किया गया ।

# कलेक्टर ने सरिया क्षेत्र के बाढ़ संभावित गावों का जायजा लिया



बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

जिले के सरिया क्षेत्र के बाढ़ संभावित गांवो सांकरा और ठेंगागुड़ी का जायजा लेने कलेक्टर धर्मेश साहू, एसपी पुष्कर शर्मा, एसडीएम अनिकेत साहू, तहसीलदार शनि पैकरा आदि पहुंचे।

कलेक्टर ने वहां सरकार की योजनाओ के कार्यों का अवलोकन किया और ग्रामीणों से पूछकर पीएम आवासए नल जल योजनाए महतारी वंदन, पीएम किसान सम्मान निधि, पेंशन, राशनकार्ड, पीडीएस राशन का मैदानी क्षेत्रों में योजनाओ के पहुंच का जायजा लिया। जिला टीम ने बरमकेला से ओडिशा सीमा अंचल स्थित ग्राम पंचायत सांकरा का भ्रमण कर अवलोकन किया। इस बार जिला प्रशासनए बाढ़ के पूर्व तैयारी को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रहा है। कलेक्टर ने बाढ़ तटबंधों का सघन जायजा लिया। सरिया तहसील अंतर्गत आने वाले बाढ़ ग्राम पंचायतों मे लोगों की बाढ़ के समय किसी भी प्रकार की कठिनाइयों से जूझना नहीं पड़े। इसको लेकर प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ काम कर रहा है। बाढ़ के समय बाढ़ पीड़ितों को रहने के लिए ऊंचे स्थल का भी चयनए लगने वाले शिविर में बाढ़ पीड़ितों को हर तरह की मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी, पहुंच पथ और सामुदायिक किचन के लिए आदिवासी बालक आश्रम सांकरा को चिन्हित किया गया है। विगत पाक्षिक में बाढ़ आपदा की बैठक और मॉकड्रिल किया जा चुका है। बैठक में पानी से कैसे बचाव जरूरी है। खाद्य पदार्थों का भंडाराए कहां लोगों को ठहराव करना हैए किस तरह से लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिले। इन सभी मुद्दों पर समीक्षा बैठक लेकर सभी सुविधाओं के बारे में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए हैं। वही शासन की योजनाओं का जनता को लाभ मिल रहा है कि नहीं इन संबंध में भी चर्चा किया गया। इस दौरा के जिला टीम में कलेक्टर, एसपी के अलावा हरिशंकर चौहान परियोजना निर्देशकए सीएमएचओ डॉक्टर अवधेश पाणिग्राही, एसडीएम अनिकेत साहू, तहसीलदार शनिराम पैकरा, डॉ. संजय पटेल बीएमओ, प्रज्ञा यादव सीईओ कमलेश कुमार मेहरा पीईओ, महिला बाल विभाग सहित गांव के सरपंच सचिव सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

- बाढ़ के पूर्व कलेक्टर के नेतृत्व में जिला टीम का दौरा

### जिला स्तरीय समस्या निवारण शिविर लगाने के निर्देश

**सारंगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने जिले के विकास कार्यों की समीक्षा समय सीमा की बैठक में गत दिवस किया। कलेक्टर श्री साहू ने आयुष्मान, आधार सीडिंग, भूमि सीडिंग ई केवायसी, सिकलसेल, कुष्ठरोग, खाद बीज वितरण, नगरीय निकायों में परिसीमन सहित लंबित प्रकरणों का समीक्षा किया गया। कलेक्टर श्री साहू ने कहा कि जिले के वंचित नागरिक जिन्होंने आयुष्मान कार्ड नहीं बनाया है। वो नजदीकी च्वाईस सेंटरए अस्पताल जहां आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा है, वहां जाकर अपना आयुष्मान कार्ड शीघ्र बना लें। कलेक्टर श्री साहू को कृषि अधिकारी ने बैठक में जानकारी दिया कि किसानों के ई.केवायसी 99 प्रतिशत हो चुका है, जिसमें 71 हजार 540 किसानों में से 70 हजार 886 किसानों का केवायसी हो चुका है।

# ग्राम सपनई में चेचक का प्रकोप, स्वास्थ्य विभाग बांट रहा दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जनपद पंचायत रायगढ़ के अंतर्गत ग्राम सपनई में बीते करीब पखवाड़े भर से कई लोग चेचक की चपेट में आ चुके हैं। आलम यह है कि यहां हर घर में करीब दो से तीन लोग इसके शिकार हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची तो सर्वे करते हुए मरीजों को दवा का वितरण किया। हालांकि झाड़्फूंक से इलाज कराने के चक्कर में एक युवती मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सपनई में विगत 15 दिनों से चेचक को प्रकोप देखने को मिल रहा है। बताया जा रहा है कि यहां हर घर में दो से तीन लोग इसकी चपेट में आये हैं। किंतु इसमें सबसे अहम बात यह है कि मरीज का इलाज झाड फूंक के माध्यम से करा रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार गांव के पुरुषोत्तम राठिया को करीब 10 दिन पहले चेचक हुआ था तो उसने झाडफूंक कराया और इसके बाद वह स्वस्थ हो गया। किंतु उसके बाद उसके बेटे को चेचक हो गया,

- झाड़फूंक से इलाज कराने के फेर में युवती की हुई मौत

उसने भी उसका इलाज ड़ाडफूंक से ही कराया था, जब वह ठीक हो गया, लेकिन चार दिन पहले पुरुषोत्तम की 18 वर्षीय बेटी चंद्रकला को भी चेचक हो गया। चंद्रकला राठिया के पूरे शरीर में चेचक फैल गया। जिसके कारण उसे तेज बुखार व शरीर में असहनीय दर्द हो रहा था, जिससे परिवार के लोग लगातार उसकी झाड़फूंक करा रहे थे। इस दौरान बुधवार की शाम को उसकी तबीयत ज्यादा बिगडऩे लगी, तब बैगा द्वारा फिर से झाडफूक किया गया। किंतु इस बार उसकी तबीयत में सुधार नहीं हुआ और रात में वह बेहोश हो गई। जिसके बाद परिजनो ने डायल 112 को संपर्क कर बुलाया और रात करीब दो बजे उसे मेडिकल कालेज अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टरों ने जांच किया तो उसकी तबीयत काफी नाजूक हो गई थी। जिसे भर्ती कर उपचार किया जा रहा था। इस दौरान गुरुवार को भोर में करीब चार बजे उसकी मौत हो गई। जिससे अस्पताल से भेजी गई तहरीर पर चक्रधरनगर पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया है।

ऐसे में अब पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही पुष्टि हो सकेगा कि युवती की मौत चिकनपॉक्स से हुआ है या कोई और कारण है।

### आधा गांव चेचक से पीड़ित

इस संबंध में मृतिका के परिजनों ने बताया कि सपनई गांव विगत 15 से 20 दिनों से गांव में चेचक फैला हुआ है। उनके अनुसार तकरीबन हर घर में एक दो लोग इसके चपेट में आए हुए हैं। जिला अस्पताल के विशेषज्ञों से बात की गई तो उनका कहना था कि गुरुवार को चंद्रकला राठिया के मौत होने के बाद उसका शव पोस्टमार्टम के लिए आया था, जिसका पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### पीएम रिपोर्ट में होगा खुलासा

सपनई में चिकनपाक्स फैलने की सूचना मिली थी, जिससे सर्वे कराने पर तीन केस मिले हैं। जहां तक युवती की मौत की बात है तो चिकनपाक्स से कभी मौत नहीं होती है अगर हुई है तो पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही खुलासा हो सकेगा।

**-डॉ. हितेश जायसवाल**
बीएमओ, लोईंग स्वास्थ्य केंद्र

# किसान कतार में, बैंककर्मी बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के बरमकेला अपेक्स बैंक में कर्मचारियों की मनमानी और लापरवाही किसानों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। किसानों के सुविधा के लिए खोला गया अपेक्स बैंक की शाखा बरमकेला में किसानों का केसीसी लोन की स्वीकृति नहीं हो पा रहा है।

मानसून के पहले किसानों को खाद.बीज की जरुरत पड़ रही है, लेकिन बैंक व सहकारिता विभाग की हठधर्मिता के आगे किसान बेबस नजर आ रहे हैं। ऐसे में उन्हें निजी बाहरी दुकानों के आगे महंगे दामों में खरीदी करनी पड़ रही है, लेकिन कलेक्टर द्वारा कोई एक्शन नहीं लेने की वजह से किसान परेशान हैं। यहां बैंक कर्मियों की मनमानी चरम पर है। किसानों के लिए खोला गया अपैक्स बैंक की शाखा बरमकेला में कतिपय कर्मियों की मनमानी किस तरह से बढ़ गई है। इसे आप तस्वीर में देख कर अंदाजा लगा सकते हैं। शाखा के बाहर किसानों की भीड़ लगी हुई है। किसान अपना सारा का म का ज छोड़कर यहां लोन समेत अन्य कामों के लिए पहुंचे हुए हैं। किसान काउंटर पर लाइन लगाए खड़े हैं और अपनी बारी आने का इंतजार कर रहे हैं। दूसरी तरफ बैंककर्मी मजे से अखबार पढ़ते नजर आ रहा है। इस तरह की मनमानी से किसान न सिर्फ दुखी हैंए बल्कि आक्रोशित भी हैं। कामकाज छोड़कर अखबार पढ़ने वाले कर्मचारी का नाम रमाकांत श्रीवास बताया जा रहा है। हालांकि जब इस संबंध में बैंक के शाखा प्रबंधक बीआर वागमारे से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि लिंक फेल होने के कारण काम नहीं हो रहा था। इसलिए कर्मचारी अखबार पढ़ रहा। बता दें कि पूरे विकासखंड बरमकेला की एक मात्र शाखा होने के कारण किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे आए दिन किसान बैंक की लेन देन के लिए दर.दर भटकने को मजबूर हैं। परंतु इनकी व्यवस्था एवं इनकी परेशानी को दूर करने के लिए एक भी जनप्रतिनिधि सामने नहीं आ रहे हैं। अपैक्स बैंक में पहुंचे किसान साधुराम दुआन पंचधार व अन्य ने बताया कि अपैक्स बैंक मे अभी काफ़ी भीड़भाड़ है।

- कृषक हो रहे परेशान
- बरमकेला शाखा का मामला

### नीचेपारा और ग्राम चूल्हाखोल में धरमजयगढ़ पुलिस का चलित थाना

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर आमजन एवं पुलिस के बीच अच्छे संबंध स्थापित करने एवं आमजन का अपराधों के प्रति जागरूक करने नियमित रूप से वार्ड ग्राम रस्तर पर चलित थाना का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कल थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक कमला पुसाम के साथ थाना स्टाफ द्वारा धरमजयगढ़ नीचेपारा एवं ग्राम चूल्हा खोल में चलित थाना लगाया गया।चलित थाना में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ काफी संख्या में महिला पुरुष, बच्चे उपस्थित थे। धरमजयगढ़ टीआई कमला पुसाम ने उपस्थित लोगों से चर्चा करते हुए झगड़ा विवाद, चोरी आदि की जानकारी लिया गया तथा आपस में मिलजुल कर रहने की समझाइए दी। उन्होंने वर्तमान में हो रही साइबर ठगी के बारे में जानकारी देकर मोबाइल पर आये अनजान व्यक्तियों के कॉल पर किसी प्रकार की निजी जानकारी या ओटीपी नहीं बताने पर साइबर ठगी से बचा जा सकता है कहा गया और मोबाइल पर अनजान व्यक्तियों के बताए लुभावने स्कीम पर धन निवेश से बचने बताये। इस दौरान थाना प्रभारी ने अभिव्यक्ति ऐप तथा पुलिस सहायता के लिए डॉयल 112 की जानकारी दी गई और सामाजिक कुरीतियां. मद्यपान, व्यसन, मानव तस्करी बाल श्रम, जादू टोना जैसे क्रियाकलाप से दूर रहने जागरूक किया गया और यातायात नियमों का पालन करने तेज गति में वाहन चलाने से बचने और हेलमेट पहनने कर वाहन चलाने की समझाइश दी गई।

## मंडी मे भी मची होड़, बाहरी व स्थानीय के बीच हो रही प्रतिस्पर्धा

# दो गुनी हुई सब्जियों की कीमत, कम आवक ने बढ़ाए दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कम आवक व उत्पादन में कमी के कारण सब्जियों की कीमतों में आग लगी हुई है। वर्तमान में सभी सब्जियां लगभग डेढ़ से दो गुना अधिक कीमतों में बाजार में मिल रही हैं। थोक बाजार में सब्जियां क्रय करने स्थानीय व बाहरी सब्जी व्यवसायियों में ओड़ मची हुई है।

- बेमौसम बारिश के कारण उत्पादन में फर्क

व्यापारियों की मानें तो वर्तमान में सब्जियों की आवक पिछले दिनों की अपेक्षा कम है। बताया जा रहा है कि कई जगहों बेमौसम बारिश व कम बारिश के कारण उत्पादन में फर्क आया है। जिसकी वजह से सब्जियों की आवक पहले ही अपेक्षा कम है, यही वजह है कि मंडियों में व्यवसायियों की होड़ मची हुई है। आलम यह है कि रात करीब 3 बजे से ही दूर दराज से आने वाले सब्जी व्यवसायियों की कतार लगी रहती है।

हालांकि स्थानीय सब्जी व्यवसायी भी इस होड़ में शामिल हैं। क्योंकि जितनी जल्दी उन्हें सब्जियां उपलब्ध होंगी तो वे दुकान खोल सकेंगे। ऐसे में जतनी जल्दी हो सके मंडी से सब्जियां लेकर वे बाजार पहुंचने की कोशिश में लगे रहते हैं। अहम बात यह भी है कि आवक कम होने की वजह से सभी सब्जियों की कीमतें में आसमान छू रही हैं।



### नई फसल के आवक से घटेंगी कीमतें

सब्जी व्यवसायियों ने बताया कि वर्तमान में कुछ समय तक यही हालात बने रहेंगे। नई फसलों के पक कर तैयार होने और बाजार में आवक होने के साथ ही सब्जियों की कीमतें घटेंगी। फिलहाल सब्जियों की कीमतों में डेढ़ से दो गुना तक इजाफा हुआ है। हो सकता है कि आने वाले दिनों में थोड़ी और कीमतें बढ़ें।

### फैक्ट फाइल

| सब्जियां | कीमतें (किग्रा) |
|---|---|
| टमाटर | 80 |
| बैंगन | 60 |
| तुरई | 40 |
| परवल | 60 |
| लौकी | 40 |
| करेला | 80 |
| फूल गोभी | 60 |
| पत्ता गोभी | 40 |
| भिंडी | 60 |
| कोचई | 40 |
| कुंदरू | 40 |
| लाल भाजी | 40 |
| धनिया | 400 |
| मिर्च | 110 |
| अदरक | 180 |

# सामुदायिक भवन व नाली निर्माण की राशि का आहरण, एक साल बाद भी नहीं हो सका

**रायगढ।** जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के अंतर्गत ग्रापं बिलासपुर में सामुदायिक भवन निर्माण एवं नाली निर्माण की राशि आहरण कर लिया गया, किंतु आहरण के साल भर बाद भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। ऐसी स्थिति में इस मामले की ग्रामीणों ने प्रशासन से शिकायत करते हुए उचित जांच कर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है।

लिखित शिकायत में ग्रामीणों ने बताया कि. ग्राम पंचायत बिलासपुर के सरपंच के द्वारा नाली निर्माण के लिए स्वीकृत राशि 49 हजार एक वर्ष पूर्व आहरण कर ली, इसके बावजूद निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। इसी तरह से सामुदायिक भवन निर्माण के लिए लेआउट के बाद प्रथम किस्त का 2 लाख रुपए 10 माह पूर्व से आहरण कर शासकीय राशि का निजी कार्य में खर्चकर निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। जानकारी के मुताबिक दस हजार रुपए से अधिक शासकीय राशि आहरण के एक सप्ताह से अधिक समय तक अपने पास रखा नहीं जा सकता, अन्यथा ऐसा कृत्य गबन की श्रेणी में आता है। इस पंचायत में इस तरह का यह तीसरा मामला ग्रामीणों के द्वारा उजागर कर विधि सम्मत कार्यवाही की मांग की जा रही है। उक्त पंचायत में सरपंच के द्वारा विधायक मद से सीसी रोड निर्माण के लिए 2 लाख 8 हजार रुपए राशि आहरण के 10 माह बाद भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कर उक्त शासकीय राशि अपने निजी कार्य में उपयोग किया है।

- ग्राम बिलासपुर के ग्रामीणों ने की शिकायत

## खबर संक्षेप

### नगरीय क्षेत्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, दिए साफ-सफाई के निर्देश

**सूरजपुर।** बुधवार को कलेक्टर रोहित व्यास ने नगरीय क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया। नगरीय निकाय के संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में उन्होंने जिले के महत्वपूर्ण स्थानों का एक-एक कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था पर विशेष रूप से फोकस करने की बात कही। कलेक्टर रोहित व्यास ने नगर पालिका परिषद सीएमओ को सफाई प्रबंधन पुख्ता करने के लिए, सफाई कर्मचारियों के रोटेशन निर्धारित करने के निर्देश दिए। साथ ही नियमित रूप से सफाई का कार्य किए जा रहे या नहीं इसकी नियमित मॉनिटरिंग करने की बात कही। उन्होंने सफाई कर्मचारियों के ड्यूटी ऑर्डर की सूची निर्मित कर इसे शक्ति के साथ लागू करने के निर्देश भी अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने क्रमवार नगर पालिका जिम, नेहरू पार्क, बड़कापारा बाजार, पुराना बस स्टैंड, एसएलआरएम सेंटर, कृष्ण कुंज व चम्बोती तालाब, बड़ा तालाब, दुल्ही तालाब का निरीक्षण किया। सबसे पहले नगर पालिका जिम का निरीक्षण किया गया जहां उन्होंने जिम के प्रबंधन को बेहतर करने एवं वहां सीसीटीवी कैमरा और क्रॉस वेंटिलेशन की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी तालाबों के सफाई के लिए भी नगर पालिका परिषद की सीएमओ को निर्देशित किया।

### अस्पताल की व्यवस्था सुधारने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के संयोजक कैलाश मिश्रा ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप मेडिकल कॉलेज अस्पताल की अव्यवस्था से अवगत करा ऑपरेशन की व्यवस्था में सुधार करने की मांग की श्री मिश्रा ने बताया कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में तत्काल ऑपरेशन की जरूरत वाले मरीजों को एक सप्ताह तक दर्द से कराहने के बाद ऑपरेशन की सुविधा मिलती है। ऐसा शल्य चिकित्सकों की त्रुटिपूर्ण ड्यूटी रोस्टर के कारण होता है जो अस्पताल प्रबंधन के निजी चिकित्सालयों के मिलीभगत को प्रदर्शित करता है। ओटी कक्ष की कमी बताकर मरीजों का ऑपरेशन रोक दिया जाता है जिससे मजबूर होकर मरीजों को निजी चिकित्सालयों का सहारा लेना पड़ता है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल की हालत ऐसी है कि शनिवार को हड्डी टूटने वाले मरीज का ऑपरेशन आगामी सप्ताह में शुक्रवार के दिन किया जाता है तथा मरीज एक सप्ताह तक दर्द से छटपटाता रहता है। चिकित्सालय प्रबंधन का यह कृत्य मानवता को शर्मसार करने वाला है तथा प्रबंधन की लापरवाही के कारण स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ गरीब लोगों को नहीं मिल रहा है। उन्होंने कलेक्टर से अस्पताल की व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

### शिक्षक पात्रता परीक्षा कल को पर्यवेक्षक नियुक्त

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ व्यापम रायपुर द्वारा 23 जून को दो पालियों में छग शिक्षक पात्रता ( टेट 24) दो पालियों में आयोजित की गई है। परीक्षा प्रथम पाली पूर्वान्ह 10 बजे से 12.15 तक केन्द्र क्रमांक 1101 से 1127 तक कुल 27 परीक्षा केन्द्रों में एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 2 बजे से 4.15 बजे तक केन्द्र क्रमांक 1101 से 1151 तक कुल 51 परीक्षा केन्द्रों में तथा पीपीटी प्रवेश परीक्षा पूर्वान्ह 9 बजे से 12.15 बजे तक केन्द्र क्रमांक 1128 से 1132 तक कुल 5 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा से संबंधित कार्यों के सुचारू रूप से संचालन एवं पर्यवेक्षण कार्य हेतु पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। नियुक्त किए गए पर्यवेक्षक परीक्षा की गोपनीय सामग्री डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी बनसिंह नेताम से प्रथम पाली प्रातः 7.30 बजे एवं द्वितीय पाली 12 बजे तक प्राप्त करेंगे तथा परीक्षा प्रारंभ होने के 1 घण्टा पूर्व संबंधित केन्द्राध्यक्ष को सौंपेंगे। परीक्षा समाप्ति के पश्चात केन्द्राध्यक्ष के साथ गोपनीय सामग्री की सील बंद बॉक्स को-ऑर्डिनेटर या प्राचार्य राजीव गांधी शासकीय पीजी कॉलेज अंबिकापुर के पास जमा कराएंगे।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की गई जान

**अम्बिकापुर।** दशहरा कार्यक्रम देखने जा रहे बाइक से घर लौट रहे युवकों को विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए एक युवक की निजी अस्पताल में जबकि दूसरे युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। चिखलाडीह निवासी संजू कुमार सिंह आ. अनिरूद्ध कुमार सिंह (20 वर्ष) बुधवार की शाम पड़ोसी अरुण चेरवा आ. बिगन चेरवा (16 वर्ष) के साथ बाइक से ग्राम मेण्ड्रा में दशहरा कार्यक्रम देखने जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार महर्षि विद्यालय के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर अरुण के परिजन ने घायल को निजी अस्पताल में जबकि संजू के परिजन ने घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात दोनों की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### कोयला कर्मियों के लिए सीआईएल ने लांच की ट्रान्सफर स्कीम

**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया की गत दिवस संपन्न हुई बोर्ड मीटिंग में प्रबंधन ने अपने कोयला कर्मचारियों के लिए नई ट्रांसफर पॉलिसी की घोषणा की है इस स्कीम के तहत एक कंपनी से दूसरी कंपनी में तबादले पर सम्बंधित कर्मी को कंपनी एक लाख का इंसेंटिव देगी (कोल इंडिया बोर्ड की 466 मीटिंग में इसकी नई स्कीम की घोषणा की गई और 19 जून को इसे लागू किए जाने का आदेश भी जारी किया गया। इस स्कीम के तहत सरप्लस मैन पॉवर के एक कंपनी से दूसरी कंपनी में ट्रांसफर पर सम्बंधित कर्मचारी को एक लाख रुपये का इंसेंटिव दिए जाने का प्रावधान किया है, उक्त राशि कोलकर्मी को एकमुश्त दी जाएगी। इस स्कीम में सीआईएल ने नियम शर्त रखी है कि इस योजना का लाभ नियमित कामगारों को मिलेगा जिनकी कम्पनी में ड्यूटी सेवा पांच वर्ष से अधिक बची है।

## देर रात पुलिस ने दोनों आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा
# शिवनंदनपुर कंपोज़िट शराब दुकान में तैनात गार्ड कर रहे थे मिलावटखोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त सामान।

**खास बातें**

- मौके से स्पिरिट, पानी व खाली शराब की बोतलें, ब्रांडेड शराब के नए ढक्कन हुए जब्त
- आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज, सूरजपुर न्यायालय किए गए पेश

शिवनंदनपुर कंपोज़िट दुकान में तैनात दो गार्ड अंग्रेज़ी शराब में मिलावट खोरी करके ब्रांडेड कंपनी के नाम पर नकली अंग्रेजी शराब तैयार कर रहे थे,बुधवार की देर रात बिश्रामपुर पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार करते हुए सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है। हालांकि मामले में कार्यवाही पर सवाल खड़े करके बड़े गुर्गों को बचाए जाने का आरोप लोगों द्वारा लगाया जा रहा है।

बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि कंपोज़िट शराब दुकान शिवनंदनपुर के दो सुरक्षा कर्मी क्रमशः करंजी चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुदामानगर निवासी 32 वर्षीय देवकरण पिता लालजी सिंह व ग्राम पंचायत केशवनगर 25 वर्षीय विवेक उर्फ विशाल पिता बृजकुमार रवि द्वारा बुधवार की देर रात शराब दुकान के पीछे स्थित गार्ड रूम के पास ब्रांडेड कंपनी की अंग्रेजी शराब में मिलावट खोरी कर नक़ली शराब तैयार कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर अंग्रेजी शराब में मिलावट खोरी करते हुए दोनों सुरक्षा कर्मियों को रंगे हाथों पकड़ लिया।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों द्वारा स्पिरिट व पानी को अंग्रेजी शराब में मिलाकर मिलावट खोरी करके मात्रा बढ़ाई जा रही थी। पुलिस ने यहां पर आरोपियों के कब्जे से एक चाय छन्नी, एक कुप्पी, दस लीटर पानी की टंकी में पानी व दस लीटर पानी टंकी में अंग्रेजी शराब, मकडोवेल नंबर वन के 750 एमएल की चार पुरानी बोतल में अंग्रेजी शराब भरा हुआ, नौ नग पुरानी खाली बोतल, बीस नग रॉयल चैलेंज कंपनी की 180 एमएल की खाली बोतल, 50 नग रॉयल चैलेंज कंपनी की नई ढक्कन, 40 नग मेकडोवेल कंपनी की नई ढक्कन बरामद की गई है। पुलिस द्वारा मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2), 38 (क), 49 (क), 59 (क) के तहत कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को न्यायालय पेश कर दिया है। दोनों आरोपियों द्वारा उक्त मिलावट खोरी की अंग्रेजी शराब को ग्रामीण इलाकों में खपाए जाने की बात स्वीकारी गई है।

### गुरुवार को दोपहर में देर से खुली शराब दुकान

पुलिस द्वारा दो गार्डों को अंग्रेजी शराब में मिलावट खोरी करते पकड़े जाने उपरांत गुरुवार को यहां शराब दुकान दोपहर में आबकारी विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति में खोली गई। यहां पर लंबे समय से आबकारी विभाग के नाक के नीचे अंग्रेजी शराब में मिलावट खोरी करके शराब बिक्री करने का सिलसिला चल रहा है। दूसरी तरफ़ सूरजपुर आबकारी विभाग दुकान संचालन की ज़िम्मेदारी प्राइवेट कम्पनी कर्मचारियों द्वारा करने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ ले रहा है,गौरतलब है कि सूरजपुर ज़िले की अधिकतम शराब दुकानों का संचालन ऑल सर्विसेस नामक प्राइवेट कम्पनी अपने कर्मचारियों के माध्यम से करती है,स्थानीय लोगों का आरोप यह भी है कि बड़े पैमाने में नक़ली शराब बनाने का धंधा लम्बे समय से फलफुल रहा है,इसमें मुख्य आरोपियों को बचाया जा रहा है,मिलावटखोरी के इस धंधे में एक बड़ा गिरोह शामिल है जिसमें संचालन करने वाली प्राईवेट कम्पनी के कर्मचारी व अधिकारी भी शामिल हैं।

### लोगों के स्वास्थ्य के साथ हो रहा खिलवाड़

शिवनंदनपुर कंपोजिट शराब दुकान में तैनात दो गार्ड के पास से बड़ी मात्रा में स्पिरिट मिली है,उनके द्वारा तैयार की गई नक़ली शराब को ग्रामीण क्षेत्रों में खपाने की बात स्वीकारी गई है, अधिक लाभ कमाने के उद्देश्य से खपाई गई बड़ी मात्रा में नक़ली शराब के सेवन करने से ग्रामीणों समेत क्षेत्र के लोगों का स्वास्थ्य ख़तरे में है,लापरवाही बरतने में कभी भी भारी जनहानि हो सकती है। बिहार प्रांत में कई ऐसी घटनाएँ हो चुकी हैं जिसमें दर्जनों ग्रामीणों की जान जा चुकी है,सूरजपुर आबकारी विभाग मामले को गम्भीरता से नहीं ले रहा है,बताया गया कि कंपोजिट दुकान में लगे चार कैमरे ख़राब बताए गए हैं जबकि कुछ समय पहले ही विभाग द्वारा नए कैमरे ख़रीदकर अलग अलग जगहों पर लगवाए गए थे। नए लगे कैमरे का ख़राब होना संचालन कर्मचारियों की कार्यशैली पर संदेह को दर्शाता है।



## दतिमा चौक में अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोज़र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

दतिमा चौक के पास सड़क किनारे व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को बढ़ाकर किए गए अतिक्रमण को सूरजपुर कलेक्टर के निर्देश पर गुरुवार को जेसीबी से हटा दिया गया। अतिक्रमण के खिलाफ चल रहे कार्यवाही से क्षेत्र में दिनभर हड़कंप मचा रहा।

गौरतलब है कि बिश्रामपुर-भटगांव मुख्य मार्ग पर स्थित दतिमा चौक के पास लोग लंबे अरसे से कुछ ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया था जिस वजह से आएदिन यहां पर छोटी बड़ी सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रही थी। इसी के मद्देनजर ग्राम पंचायत दतिमा द्वारा पिछले दिनों सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की गई थी। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर गुरुवार को सुरजपुर एसडीएम जगन्नाथ वर्मा, सुरजपुर तहसीलदार समीर शर्मा, एएसपी संतोष महतो, सीएसपी एसएस पैकरा दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर दतिमा चौक के पास अवैध रूप से दुकानों को शासकीय भूमि पर बढ़कर अतिक्रमण किए गए नौ लोग क्रमशः अख्तर पिता स्व.सुलेमान, रवि पिता सेमलाल, उमाशंकर पिता नीलकंठ, दुलारी बेवा राजाराम, गुड्डा पिता स्व.नानहु, मो.रफी पिता सहाबुद्दीन, नवरंतक पिता स्व.गुलाब, बलराम पिता दुखनाथ, गुलजार पिता सहाबुद्दीन के चौक के पास स्थित अतिक्रमण को हटाया गया है। इसी तरह पटवारी कार्यालय के पास तीन अवैध अतिक्रमण को हटाया गया है। यहां पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ चल रहे कार्यवाही के दौरान एक स्ट्रीट लाइट व एक सूचना पटल को भी हटवाया गया है।

ज्ञात हो कि दतिमा चौक के पास किए अवैध अतिक्रमण की वजह से सड़क के चारों तरफ़ काफ़ी कम जगह रहती थी। यहां पर अतिक्रमण के खिलाफ किए जा रहे कार्यवाही के दौरान अवैध कब्जा धारियों से अधिकारियों के बीच कहा सुनी भी हुई,इसके बावजूद बेदख़ली कार्यवाही लगातार जारी रही। बताया गया कि उक्त कार्यवाही होने के पूर्व तहसीलदार द्वारा अवैध अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी करके अपना बेजा कब्जा स्वयं हटा लेने के निर्देश दिए गए थे, इसके बाद भी अवैध कब्जा को नहीं हटाए जाने के फलस्वरूप गुरुवार को जेसीबी से अवैध कब्जा हटाए जाने की कार्यवाही अधिकारियों द्वारा की गई है।इस जगह पर पिछले दिनों बाल कटवाने सेलून आए एक युवक की ट्राला वाहन की चपेट में आने से मौत भी हो चुकी है।

## जांच में 5 बसों के दस्तावेज मिले अधूरे, जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

- पुलिस ने बसों की फिटनेस जांच का चलाया अभियान



बलरामपुर जिले में पुलिस प्रशासन व आरटीओ द्वारा बसों की जांच हेतु अभियान चलाया गया। यह अभियान आगामी 22 जून तक जारी रहेगा। अभियान के तहत पहले दिन 30 बसों की जांच की गई। जांच के दौरान 5 बसों के दस्तावेज अधूरे पाए जाने पर 14 हजार 300 रुपए का जुर्माना लगाया गया।

बता दें कि एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा यात्रियों की सुरक्षा व सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र से होकर गुजरने वाली यात्री बसों की जांच के निर्देश दिए थे। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा 20 से 22 जून तक बसों की जांच का अभियान चलाया गया है। अभियान के तहत पहले दिन सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक की गई जांच के दौरान बलरामपुर बस स्टैंड में कैम्प लगाकर 30 बसों के परमिट, इंश्योरेंस, फिटनेस सर्टिफिकेट, प्रदूषण सर्टिफिकेट, स्पीड गवर्नर सर्टिफिकेट, रेडियम स्टीकर, सीसीटीवी कैमरा, हेडलाइट हॉर्न एवं अन्य प्रकार के मानकों की जांच की गई। जांच के दौरान पहले दिन 5 बसों के दस्तावेज अधूरे मिले जिसपर 14 हजार 300 रुपए का जुर्माना लगाया गया। वहीं टीम द्वारा 21 जून को दोपहर 12:00 से रात्रि 9 बजे तक एवं 22 जून को रात्रि 9 से सुबह 6 बजे तक यात्री परिवहन वाहनों का चेकिंग की जाएगी। इस कार्रवाई के दौरान जिला परिवहन अधिकारी यशवंत यदु, यातायात प्रभारी विमलेश कुमार देवांगन, सउनि अनिल दुबे, प्रधान आरक्षक बूटन सिंह अन्य उपस्थित रहें।

## चोरों ने घर से पार किया बाइक, अपराध दर्ज

**सूरजपुर।** जिला अस्पताल में जनरल सर्जन के पद चिकित्सक की केटीएम बाइक को चोरों ने घर से पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पल्लापलायम थाना चिन्नातारापुरम जिला करूर तमिलनाडु निवासी हरिदेवकुमार के जिला अस्पताल में जनरल सर्जन के पद पर पदस्थ है। 17 जून की रात ड्यूटी करने के पश्चात बाइक क्रमांक टीएन एटी 5225 को वार्ड क्रमांक 9 शिव पार्क कॉलोनी स्थित अपने किराए के मकान में रख कर चला गया। सुबह 8 बजे किराए के मकान में आया तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का पता नहीं चला तो बाइक चोरी होने की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई।

## बागेश्वरी देवी लोक न्यास के विकास के लिए ट्रस्ट व अधिकारियों की कलेक्टर ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज मां बागेश्वरी देवी लोक न्यास कुदरगढ़ के विकास के रोडमैप को लेकर ट्रस्ट व अन्य संबंधित अधिकारियों की बैठक ली।

कलेक्टर रोहित व्यास ने श्रद्धालुओं व पर्यटकों के सुविधा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें जल प्रबंधन को लेकर पुख्ता इंतजाम किए जाने के निर्देश पीएचई विभाग को दिए गए। उन्होंने पंप से पानी ऊपर चढ़ने की व्यवस्था और उसके संचालन के लिए एक ऑपरेटर नियुक्त करने तथा बेहतर बिजली प्रबंध के लिए क्रेडा को सोलर स्थापित करने के निर्देश दिए। मंदिर के लिए चढ़ने व उतरने वाले मार्ग में शेड निर्मित कर विश्राम स्थल व पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। साथ ही दर्शन के लिए निर्मित असमतल व अनियमित सीढ़ियों के लेवलिंग, पुराने भवन व दुकानों की मरम्मत, नवीन धर्मशाला व दुकान व मंदिर की चढ़ाई से पूर्व उसके आसपास के क्षेत्र में रोड के दोनों ओर पौधारोपण पर चर्चा की। बैठक में मंदिर के आय और व्यय पर भी चर्चा हुई। जिसमें मां बागेश्वरी देवी लोक न्यास कुदरगढ़ चैत्र नवरात्रि मार्च-अप्रैल में विभिन्न मदों से आय, 2024 में लोक न्यास ट्रस्ट के आय का विवरण व चैत्र नवरात्रि मेला में व्यय की जानकारी प्रस्तुत की गई।

## उड़मकेला के मोहना डिहारी बस्ती पहुंचे हाथी, आठ घरों को बना दिया खण्डहर

**अम्बिकापुर।** बीती रात हाथियों ने ग्राम उड़मकेला के मोहना डिहारी में पूरी रात उत्पात मचाया। हाथियों ने बस्ती के घरों को पूरी तरह से ध्वस्त कर घर में रखे अनाज को खा गए हैं। प्रभावित ग्रामीणों ने गांव के पहाड़ी कोरवा आश्रम में शरण ली है।

विकासखण्ड मैनपाट में हाथियों का दल लगातार तबाही मचा रहा है। अब तक हाथी पहाड़ी क्षेत्र में जंगल से सटे गांवों में तबाही मचा रहे थे लेकिन बुधवार की रात पहली बार ग्राम बरवाली से 3 किमी दूर तराई क्षेत्र की बस्ती ग्राम पंचायत उड़मकेला अंतर्गत मोहना डिहारी में पहुंच गए तथा पूरी रात तबाही मचाते रहे। इस दौरान हाथियों ने बारी-बारी से पांच घरों को निशाना बनाया तथा घरों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। हाथियों ने घरों को ढहाने के बाद घर में रखे अनाज को खा गए तथा बर्तन एवं अन्य सामानों को नष्ट कर दिया। पहली बार बस्ती में हाथियों को देखकर ग्रामीणों में भगदड़ मच गई। किसी तरह ग्रामीण भागकर पहाड़ी कोरवा आश्रम पहुंचे। लोगों द्वारा घरों से भागने के बाद हाथी पूरी रात तबाही मचाते रहे। मोहना डिहारी बस्ती में तोड़फोड़ मचाने के बाद हाथी इमलीटिकरा बस्ती में पहुंचे तथा एक घर को ढहा दिया। हाथियों ने इमली टिकरा निवासी उमेश पिता शिवराम बरगाह एवं मोहना डिहारी निवासी पहाड़ी कोरवा समुदाय के मनमोहन पिता सोहन, मुन्ना पिता सोहन, कोदा पिता पंडरू, सोमारू पिता रोगहा, बाबूलाल पिता पिंगल, रामू पिता चरण, छवना पिता देवराज यादव के घरों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है।



## पत्नी ने पति को उतारा मौत के घाट, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान



पति के आए दिन विवाद करने से परेशान पत्नी ने न सिर्फ सो रहे पति को मौत के घाट उतारी बल्कि घटना को अंजाम देकर फरार हो गई। इधर मामले को गंभीरता से लेते हुए झिलमिली पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर ही पति का हत्या करने वाली पत्नी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक ग्राम डाला बहरा निवासी विवेक कुमार आ. विश्वनाथ बसोर एक वर्ष पूर्व मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत ग्राम लालपुर निवासी सोमबाई से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद दोनों परिवार से अलग रहने लगे। मंगलवार की रात अपने कमरे में सो रहे थे। इसी बीच देर रात सोमबाई दरवाजा बाहर से बंद कर जाने लगी तभी विवेक का बड़ा भाई नितेश ने सोम बाई को घर से जाते देख घटना की जानकारी पिता विश्वनाथ को दी। परिजन जब विवेक के कमरे का दरवाजा खोलकर अंदर दाखिल हुए तो उनके होश उड़ गए। विवेक बिस्तर में लहूलुहान हालत में मृत पड़ा था। विश्वनाथ ने घटना की रिपोर्ट झिलमिली थाने में दर्ज कराई तथा घर में बहू के नहीं होने पर उस पर हत्या करने का संदेह जताया। रिपोर्ट पर पुलिस ने सोम बाई के विरूद्ध धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने फरार पत्नी सोमबाई की तलाश शुरू की। इसी बीच पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सोम बाई को कोरिया जिला के बैकुंठपुर से गिरफ्तार किया। पूछताछ में सोम बाई ने पति की हत्या करने की बात कबूल करते हुए पुलिस को बताया कि पति विवेक अक्सर उसके चरित्र पर शंका करता था। मंगलवार की रात भी इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ तो देर रात सो रहे पति के गर्दन पर टंगिया से वार कर मौत के घाट उतार फरार हो गई। बहरहाल पुलिस ने आरोपी पत्नी के विरूद्ध धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## अनुभवहीन लोगों ने प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था को किया बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कांग्रेस ने आरंग व बलरामपुर जिले में हुई घटनाओं को लेकर किया प्रदर्शन



प्रदेश में खराब होती कानून व्यवस्था को लेकर आज जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी चौक स्थित डाटा सेंटर के सामने धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन उपरान्त कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

सभा को सम्बोधित करते हुए ननि सभापति अजय अग्रवाल ने कहा कि 2023 के चुनाव के बाद भाजपा के हाईकमान ने जानबूझकर प्रशासनिक क्रियाकलाप की दृष्टि से अकुशल एवं अनुभवहीन लोगों को प्रदेश की सत्ता सौंप दी और इन अनुभवहीन लोगों ने प्रदेश के समूचे प्रशासनिक व्यवस्था को 6 माह में ही बर्बाद कर दिया है। श्रम कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष शफी अहमद ने कहा कि अकुशल एवं अनुभवहीन राजनैतिक नेतृत्व के कारण प्रशासनिक तंत्र बेलगाम हो गया है। इसके कारण प्रदेश में कानून व्यवस्था के साथ ही पूरा का पूरा प्रशासनिक ढांचा ध्वस्त हो गया है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि पूरे प्रदेश के साथ ही सरगुजा संभाग में भी लगातार ऐसी खबरें आ रही हैं जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो रहा है। आमजन में यह भावना आ रही है कि अब अपनी सुरक्षा स्वयं करनी पडेगी। आम लोगों की यह सोच प्रदेश की नई सरकार में उनके समाप्त हो रहे विश्वास का प्रमाण है। धरना-प्रदर्शन को महापौर डॉ. अजय तिकी, पीसीसी उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, पीसीसी महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा और मो इस्लाम ने भी संबोधित किया। धरना प्रदर्शन के कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है। कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से भी आरोप लगाया कि आरंग में अज्ञात लोगों के द्वारा एक ट्रक में मवेशी लेकर जा रहे अल्पसंख्यक समुदाय के तीन लोगों की पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी थी। घटना के 15 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपियों को ढूंढ पाने में नाकाम रही है। पुलिस द्वारा इस मामले में भारतीय दण्ड विधान की धारा 304 आरोपित की गई है, जबकि मामला हत्या का है और इस मामले में भारतीय दण्ड विधान की धारा 302 आरोपित होनी थी। ऐसे में घटना की विवेचना को लेकर पुलिस की मंशा भी संदेह के घेरे में है। इसी प्रकार से बलरामपुर जिले में सुजीत सोनी एवं एक अन्य महिला का शव संदेहास्पद स्थिति में बरामद हुआ। मौके की परिस्थितियों के आधार पर प्रारंभ में यह अनुमान लगाया गया था कि मामला हत्या का है, किंतु बाद की विवेचना में पुलिस ने करंट लगने से मौत की बात कही। स्थानीय लोग पुलिस के इस तर्क को मानने से इंकार कर रहे हैं और इस घटना की उचित जांच को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। कार्यक्रम में राजीव प्रताप सिंह, रशीद अहमद, दुर्गेश गुप्ता, इम्तेयाज जफर, अशफाक अली, अनूप मेहता, गुरप्रीत सिद्धू, नरेन्द्र विश्वकर्मा, चंद्रप्रकाश सिंह, जीवन यादव, हिमांशु जायसवाल, गीता रजक, मो0 अशफाक, हसन खान, नसीम खान, अमित तिवारी राजा, सुदामा कुर्रे, बाबर खान, कलीम अंसारी, काजू खान, शुभम जायसवाल, अविनाश कुमार, नितिश चौरसिया, निकी खान आदि उपस्थित थे।

## आईजी ने 29 कर्मियों का बदला जिला, स्थानांतरण सूची जारी

**अंबिकापुर।** सरगुजा रेंज के आईजी अंकित गर्ग ने बुधवार को जिलों में लम्बे समय से जमे हुए पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है। आईजी द्वारा रेंज के विभिन्न थानों में पदस्थ 9 एएसआई, 3 प्रधान आरक्षक, 17 आरक्षकों को एक जिले से दूसरे जिले में स्थानांतरित किया है।

आईजी द्वारा जारी निर्देश के तहत सउनि हीरालाल बाघव को जशपुर से सूरजपुर, सउनि धनंजय पाठक को सूरजपुर से एमसीबी, सुनील सिंह को सूरजपुर से एमसीबी, केश्वर राम मरावी को एमसीबी से सूरजपुर, गौटिया राम मरावी को एमसीबी से बलरामपुर, कृष्णा सिंह को एमसीबी से बलरामपुर, चित्रभान सिंह बलरामपुर से एमसीबी, अभिषेक पांडेय को सरगुजा से एमसीबी, राजाराम को बलरामपुर से सूरजपुर स्थानांतरित किया गया है। इसके साथ ही प्रधान आरक्षक संजय निकुंज को जशपुर से एमसीबी, सुरेश गौड़ को एमसीबी से जशपुर, विवेकमणी तिवारी को बलरामपुर से एमसीबी जिला भेजा गया है। आईजी द्वारा आरक्षक श्याम सुंदर सोनी को सूरजपुर से जशपुर, प्रमोद रौतिया को जशपुर से एमसीबी, शैलेन्द्र सिंह को जशपुर से एमसीबी, दिनेश्वर यादव को जशपुर से एमसीबी, सुरेंद्र कुमार यादव को जशपुर से कोरिया, कुलेन्द्र राम को जशपुर से कोरिया, सन्तु राम यादव को जशपुर से सूरजपुर, जसप्रीत सिंह सैनी को एमसीबी से बलरामपुर, अंबुज कुमार सिंह को एमसीबी से जशपुर, वसीम रजा को कोरिया से बलरामपुर, जुगेश जायसवाल को बलरामपुर से एमसीबी, दुर्योधन सिंह को बलरामपुर से जशपुर, अभय चौबे को सरगुजा से जशपुर, उपेंद्र सिंह को सरगुजा से जशपुर, रुपेश गुप्ता को बलरामपुर से एमसीबी, शिवपूजन सिंह को बलरामपुर से जशपुर, अंकित जायसवाल को बलरामपुर से कोरिया भेजा गया है।

21-Jun- Jash-CORIYA-RAG-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 6/21/2024 7:44 PM Page 1





# ‘उसने मेरी जिंदगी बदल दी’ : करण

**नई दिल्ली।** करण सिंह ग्रोवर बॉलीवुड में आने से पहले टीवी की दुनिया के चहेते सितारे थे। उन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत सुपरहिट टीवी सीरियल ‘दिल मिल गए’से किया था। इसके बाद ‘कबूल है’जैसे हिट शो में काम कर दर्शकों पर छा गए थे। उन्होंने अपने करियर में तीन बार शादी रचाई है। उनकी तीसरी शादी बिपाशा बसु संग हुई है। 2016 में इन्होंने धूमधाम से शादी की और आज कपल एक बेटी ‘देवी’ के माता-पिता हैं। अब शादी और पिता बनने के बाद करण ने अपनी लाइफ को लेकर बातें की। उन्होंने बताया कि बिपाशा ने उनकी लाइफ बदल दी। वह इसके लिए उनके शुक्रगुजार हैं।

## लाइफ Style

# स्वरा

## छलका दर्दः ‘मैं अछूत हूं...वे डरते हैं’

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्वरा भास्कर का कहना है कि वह फैंस के लिए बेबाक हैं, उनका दिल काफी साफ सुधरा है। लेकिन बॉलीवुड उन्हें ‘अछूत’ मानता है। जब वह अपने मन की बात करती हैं तो उन्हें उसका भारी खमियाजा भी भुगतना पड़ता है। उनके हाथ में आए प्रोजेक्ट उनके हाथ से छीन लिया जाता है। उनका नाम सुनते ही स्टूडियो वाले फिल्मों में लेने से मना कर देते हैं।

हाल ही में स्वरा भास्कर ने कहा कि उनका ट्विटर अकाउंट एक्स उनके लिए सबसे महंगी चीज़ है, क्योंकि इसकी वजह से उनका करियर बर्बाद हो गया। उनका कहना है कि अब फिल्म इंडस्ट्री में कोई भी उन्हें कास्ट नहीं करना चाहता। विवाद के डर से, भले ही वे ‘ स्वरा भास्कर जैसी अदाकारा’ चाहते हों। उन्होंने यह भी बताया कि उनके चाहने वालों का मानना है कि ‘उन्होंने खुद ही अपने पैर पर कुल्हाड़ी मार ली’ और अपना करियर ‘तबाह’ कर लिया। स्वरा ने कहा कि जब लोग उन्हें सड़कों पर रोकते हैं या एयरपोर्ट पर उनसे बात करते हैं तो बहुत से लोग उनका समर्थन करते हैं और वह उस समर्थन से ताकत पाती हैं। हालांकि बहुत से लोग हैं, जिनमें से कुछ उनके शुभचिंतक भी हैं, जो महसूस करते हैं कि उन्होंने खुद ही अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली है। स्वरा आगे कहती हैं- बहुत से लोग हैं जो कहते रहते हैं कि ‘तुमने गलत काम किया है, तुमने अपना करियर बर्बाद कर लिया, तुमने ऐसा क्यों किया? यह तुम्हारी बहुत बड़ी बेवकूफी थी’, जिसमें आपकी अपनी टीम भी शामिल होती है। जो लोग आपसे प्यार करते हैं और वे चिंता की जगह से आते हैं। वे आपके शुभचिंतक हैं इसलिए उन्हें आपको देखकर बुरा लग रहा है।



## हॉलीवुड मसाला



# थिएटर में शो के दौरान गिरे

**लॉस एंजिलिस।** इयान मैकेलेन को हॉलीवुड के प्रॉमिनेंट एक्टर्स में से गिना जाता है। वे 6 दशक से फिल्में कर रहे हैं। हाल ही में एक थिएटर में प्ले के दौरान एक्टर स्टेज पर गिर गए जिसके बाद उन्हें अस्पताल में एडमिट कराया गया और शो को बीच में ही बंद कर दिया गया। एक्टर 85 साल के हैं और फिलहाल उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। एक्टर की हेल्थ को लेकर अपडेट भी आ गया है। रिपोर्ट्स की मानें तो एक्टर थिएटर में एक फाइट सीन कर रहे थे।



# अमेरिका में रिलीज होगी ‘मेगालोपोलिस’

**लॉस एंजिलिस।** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लायंसगेट और फिल्म की निर्माता कंपनी के बीच यह वितरण सौदा हुआ है। निर्देशक फ्रांसिस फोर्ड कोपोला ही इस फिल्म के निर्माता भी हैं। फिल्म अमेरिकन जोएट्रोप के बैनर तले बनी है। दिलचस्प बात यह है कि लायंसगेट की एक और फिल्म उसी दिन रिलीज होने वाली है। इस हॉरर फिल्म का नाम नेवर लेट गो है। वहीं, यूनिवर्सल द वाइल्ट रोबोट और पैरामाउंट इंटरस्टेलर की दसवीं सालगिरह पर इसे दोबारा रिलीज करने जा रही है। स्टूडियो पहले से ही कोपोला के अमेरिकन जोएट्रोप बैनर के साथ व्यापारिक रिश्ते रहे हैं। स्टूडियो ने फिल्मकार की कई फिल्मों के डायरेक्टर्स कट जैसे एपोकैलिप्स नाउ फाइनल कट, द कन्वर्सेशन, द कॉटन क्लब एनकोर, टकरः द मैन एंड हिज ड्रीम, और वन फ्रॉम द हार्टः रिप्राइज को रिलीज किया है।



# अजीज दोस्त ने किया था हेरीफेरी...

**नई दिल्ली।** मार्च 2022 में रिमी सेन ने अपने दोस्त रौनक व्यास के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया था, जिसमें उन पर 4.14 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था। उस समय दायर किए गए कागजात के अनुसार, जतिन व्यास ने रिमी को एलईडी लाइटिंग से जुड़ी अपनी नई फर्म में निवेश करने पर काफी मुनाफा देने का वादा किया था। जब जतिन ने उनकी कॉल का जवाब देना बंद कर दिया और पैसे वापस करने से इनकार कर दिया, तब अभिनेत्री को एहसास हुआ कि उनके साथ धोखा हुआ है। एक इंटरव्यू में रिमी कहा, ‘वह एक ठग है। वह किसी शहर में जाकर बस जाएगा और लोढ़ा जैसे बिल्डर की आलीशान रिहायशी सोसायटी में फ्लैट किराए पर लेगा। वह एक शानदार कार खरीदेगा और कुलीन क्लबों और जिम का सदस्य बन जाएगा।



# 175 दिन बाद सेट पर लौटे वरुण तेज

**मुंबई।** अभिनेता वरुण तेज एक बार फिर से फिल्म के सेट पर लौट आए हैं और अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस बात की जानकारी खुद वरुण ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर दी है। उनकी नई फिल्म का नाम ‘मटका’ है, जिसका निर्देशन करुणा कुमार कर रहे हैं। वरुण तेज ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक फोटो साझा किया है, जिसमें एक शख्स अपने हाथ में पुराने जमाने का एक टेलीफोन पकड़कर खड़ा हुआ है। इसे शेयर करते हुए वरुण तेज ने कैप्शन में लिखा, ‘175 दिनों के बाद नई ऊर्जा और आकांक्षाओं के साथ सेट पर वापस आ गया हूं। ‘मटका’ के रेट्रो जादू को जीवंत करने के लिए तैयार हूं!’ ‘मटका’ फिल्म की कास्ट की बात करें तो इसमें वरुण तेज के साथ-साथ मीनाक्षी चौधरी और नोरा फतेही भी अभिनय करती हुई दिखाई देंगी।

## टीवी मसाला



# तारक मेहता का उल्टा चश्मा से एक और एक्टर होने जा रहा बाहर

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो का हर किरदार घर-घर फेमस है। इस शो को काफी पसंद भी किया जाता है और सालों से यह शो टीवी पर सबका दिल जीत रहा है। हालांकि पिछले कुछ समय से कई पुराने एक्टर्स इस शो को छोड़कर चले गए हैं। शो में टप्पू तो 2 बार बदल ही चुका है, लेकिन अब इस टप्पू सेना के एक और एक्टर के शो छोड़ने की खबर आ रही है जिसे सुनकर फैंस को बड़ा झटका लगेगा। दरअसल, यहां जिसकी बात हो रही है वो है गोली। गोली का किरदार कुश शाह निभा रहे हैं। अब हाल ही में एक फैन ने कुश के साथ फोटो शेयर की सोशल मीडिया पर। फोटो शेयर कर फैन ने बताया कि वह कुश को न्यू यॉर्क में मिला। फैन ने बताया कि कुश ने उन्हें बताया कि उन्होंने शो छोड़ दिया है और न्यू यॉर्क में अपनी पढ़ाई पूरी करेंगे। इस पोस्ट के वायरल होने के बाद फैंस काफी दुखी हो गए हैं। कोई कमेंट कर रहा है कि गोली को बचपन से देख रहे हैं इस शो में और यहां उसे बड़ा होते हुए देखा है, अगर वह भी चला जाएगा तो मजा नहीं आएगा। कुश का इस शो से जाना सच है कि नहीं यह बात तो खुद कुश और शो के प्रोड्यूसर ही बता सकते हैं।

# कल्पना से परे, रहस्य से घिरा हुआ है इस बार ‘बिग बॉस’ का सेट...

**मुंबई।** ‘बिग बॉस ओटीटी सीजन 3’ की धमाकेदार शुरुआत होने वाली है। इस बार सब बदल जाएगा। शो के होस्ट अनिल कपूर हैं और उन्होंने शो में अब तक का सबसे दमदार मजा देने का वादा किया है, जिसके लिए प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। शो 21 जून को जियो सिनेमा पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है, लेकिन उससे पहले प्रशंसकों के लिए खास तोहफा है। ‘बिग बॉस ओटीटी 3’ के सेट की झलक फैंस को दिखाई गई है, जो बेहद शानदार और हर बार से ज्यादा भव्य है।



# सोनाक्षी की शादी के जश्न में ‘मामा’ संग हंसते दिखे शत्रुघ्न

**नई दिल्ली।** सोनाक्षी सिन्हा बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के संग शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो 23 जून वे मुंबई में शादी करेंगी। इसके साथ ही अटकलें लगाई जा रही हैं कि होने वाली इस शादी में उनके पिता शत्रुघ्न सिन्हा शामिल नहीं होंगे। इतना ही सिन्हा फैमिली से कोई सदस्य इस शादी का हिस्सा नहीं बनेगा।



हालांकि, इन खबरों को खारिज करते हुए सोनाक्षी के ‘मामा’ पहलाज निल्हानी कहा कि वे अपनी लाडली की शादी में जरूर शामिल होंगे। लगता है कि पहलाज निल्हानी की ये बातें सच साबित हो गई हैं। सोशल मीडिया के जरिए शत्रुघ्न सिन्हा की एक फोटो सामने आई है, जिसमें वे सोनाक्षी के ‘मामा’के संग मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। ऐसे में अटकलें लगाई जा रही हैं कि शत्रुघ्न सिन्हा हल्दी कार्यक्रम में मेहमानों के बीच शामिल रहे. फोटो में शत्रुघ्न ट्रेडिशनल आउटफिट में नजर आ रहे हैं। इस फोटो को भारतीय एस प्रधान ने अपने ट्विटर पर शेयर की हैं। उन्होंने इस फोटो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है- दुल्हन के पिता के साथ शत्रुघ्न सिन्हा, और सोनाक्षी के ‘मामा’ पहलाज निल्हानी से थोड़ी देर पर पहले चैंबर पर मुलाकात हुई। फोटो के आखिरी लाइन में उन्होंने लिखा ‘सिन्हा परिवार में जश्न का समय है!’ सोनाक्षी-जहिर इकबाल की शादी तैयारियों और विवादों के बीच शत्रुघ्न सिन्हा को पहली बार मुस्कुराते हुए देखा गया है। फोटो में शत्रुघ्न का लुक काफी शानदार दिख रहा है।

# मिर्जापुर 3 का ट्रेलर जारी, दिखेगी छल-कपट की झलक

**मुंबई।** अमेजन प्राइम वीडियो की चर्चित वेब सीरीज ‘मिर्जापुर’ को दर्शकों ने काफी पसंद किया है। इस शो में नजर आए सभी किरदारों को पसंद करने वाले फैंस की अपनी एक अलग सूची है। फैंस लंबे वक्त से इसके तीसरे सीजन का इंतजार कर रहे थे। हाल में ही इसके तीसरे सीजन के रिलीज डेट की घोषणा की गई थी, जिसमें बताया गया था कि इसे 5 जुलाई 2024 को रिलीज किया जाएगा। अब सीरीज का ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जिसे सोशल मीडिया पर फैंस की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। मिर्जापुर 3 के ट्रेलर को देख दर्शकों को वापस से पुरानी वाइब मिल रही है। ट्रेलर के जबर्दस्त डायलॉग सुन आप सीरीज देखने के लिए और ज्यादा उत्साहित हो जाएंगे। पिछले सीजन के क्लाइमैक्स के बाद तीसरा सीजन उसी कहानी को आगे बढ़ाएगी। पूर्वांचल के अपराध और सत्ता पाने की लालच में सीरीज के सारे कलाकार एक-दूसरे के साथ खून खराबा करते नजर आ रहे हैं।




***सोशल मीडिया पर मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया :*** सीरीज में गुड्डू पंडित यानी कि अली फजल का डायलॉग लोगों को बताने का, कालीन भैया गॉन और गुड्डू पंडित ऑन। दर्शकों की विशेष सराहना बटोर रहा है। मिर्जापुर की गद्दी पाने की लड़ाई में गुड्डू पंडित कालीन भैया पर भारी पड़ते दिखाई दे रहे हैं। फिल्म के ट्रेलर पर प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने लिखा, ‘मिर्जापुर 3 के ट्रेलर को देख अब सीरीज देखने की चाह बढ़ गई है।’ दूसरे यूजर ने लिखा, ‘गुड्डू पंडित का भौकाल कायम है। अब कालीन भैया का पलटवार देखने के लिए उत्साहित हूं।’

### इन कलाकारों से सजी है मिर्जापुर 3

‘मिर्जापुर’ सीरीज में कई नामचीन कलाकार नजर आए हैं। सीरीज में पंकज त्रिपाठी को ‘कालीन भैय्या’ और अली फजल को ‘गुड्डू पंडित’ की भूमिका में काफी पसंद किया गया है। इनके अलावा दिव्येंदु शर्मा भी ‘मुन्ना त्रिपाठी’ के किरदार में सीरीज के पहले दो सीजन के लिए काफी महत्वपूर्ण कड़ी साबित हुए थे। इन कलाकारों के अलावा इस सीजन में श्वेता त्रिपाठी शर्मा, रसिका दुग्गल, हर्षिता गौर, विजय वर्मा, अंजुम शर्मा, शीबा चड्ढा ,राजेश तैलंग आदि भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## लिस्ट में शाहिद कपूर की दो मूवीज भी शामिल

# शराब और नशे की लत को दर्शाती हैं ये हिंदी फिल्में

*मुंबई। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के फिल्मकार समाज की अच्छी और बुरी चीजों को अक्सर अपनी फिल्मों के जरिए लोगों के सामने पेश करते हैं। मौजूदा समय में देश में बड़ी संख्या में युवा नशे के आदि बनते जा रहे हैं। बॉलीवुड में भी युवाओं की इस कठोर वास्तविकता को फिल्मों के माध्यम से कई बार दिखाया जा चुका है। आइए ऐसी फिल्मों के बारे में जानते हैं जो इस विषय को सटीक रूप से चित्रित करती हैं।*



**उड़ता पंजाब :** शाहिद कपूर की बेहतरीन फिल्मों में उड़ता पंजाब का नाम भी जरूर शामिल किया जाता है। फिल्म में उनके साथ दिलजीत दोसांझ, अलिया भट्ट और करीना कपूर खान ने भी अहम भूमिकाएं निभाई थीं। फिल्म का निर्देशन अभिषेक चौबे ने किया था। फिल्म में पंजाब के युवाओं में बढ़ते नशीली दवाओं की लत को दिखाने की कोशिश की गई थी। यह फिल्म दर्शकों को खूब पसंद आई थी।

**फैशन :** मधुर भंडारकर के निर्देशन में बनी फिल्म फैशन को दर्शकों ने खूब सराहा था। फिल्म की कहानी फैशन मॉडलों की जिंदगी की कहानी बयां करती नजर आई थी। फैशन इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के नशीली दवाओं के दुरुपयोग और ओवरडोज जैसे नकारात्मक पहलुओं पर इस फिल्म के जरिए प्रकाश डालने की कोशिश की गई थी। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा, कंगना रणौत और मुग्धा गोडसे ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई थीं। ओटीटी पर इसे नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है।



**दम मारो दम :** दम मारो दम का निर्देशन रमेश सिप्पी ने किया था। यह फिल्म एक एक्शन थ्रिलर थी। इसकी कहानी ड्रग तस्करों और अंतरराष्ट्रीय अपराधियों की गिरफ्तारी और उसकी जांच पर केंद्रित थी। इस फिल्म में अभिषेक बच्चन, बिपाशा बसु, राणा दग्गुबाती, आदित्य पंचोली, प्रतीक बब्बर और गोविंद नामदेव जैसे कलाकारों ने काम किया था।



**शैतान :** बिजॉय नाम्बियार के निर्देशन में बनी शैतान में राजीव खंडेलवाल, कल्कि केकलां, गुलशन देवैया, शिव पंडित, नील भूपालम, कीर्ति कुल्हारी, रजित कपूर, पवन मल्होत्रा और राजकुमार राव जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों ने अहम भूमिकाएं निभाई थीं। फिल्म की कहानी मादक पदार्थों के सेवन करने वालों के एक समूह की है जो एक हिट-एंड-रन दुर्घटना को छिपाने की कोशिश करते हुए आपराधिक गतिविधियों में उलझ जाते हैं। इसे नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।



**देव डी :** फिल्म देव डी को लोगों ने खूब पसंद किया था। फिल्म में अभय देओल, माही गिल और कल्कि केकलां मुख्य भूमिका में थे। अनुराग कश्यप के निर्देशित में बनी यह फिल्म बंगाली उपन्यास देवदास पर आधारित थी, जिसे नए अंदाज से लोगों के सामने पेश किया गया था। फिल्म में एक युवक को अपने बचपन के प्यार को खोने के बाद ड्रग्स और शराब की लत में पड़ते हुए दिखाया गया था। इस फिल्म को नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो स्ट्रीम किया जा सकता है।



**कबीर सिंह :** इस लिस्ट में शाहिद कपूर की एक और फिल्म का नाम शामिल है। फिल्म कबीर सिंह ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की थी। संदीप रेड्डी वंगा ने निर्देशन में बनी इस फिल्म में एक युवक को अपनी प्रेमिका को खोने के बाद शराब का जमकर सेवन करते हुए दिखाया गया था। इस फिल्म को नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### सफाई की सुध नहीं ले रहा नगर प्रशासन

**पुसौर।** प्रकृति में जितने प्रकार के जीव जंतु होते हैं सभी बरसात को भाप कर अपनी सुविधा जुटा लेते हैं ताकि बरसात में किसी भी प्रकार का कोई तकलीफ न हो लेकिन इसमें सुस्त मनुष्य और मनुष्य से जुडे शासन प्रशासन के लोगों का कोई तैयारी नहीं दिख रहा है। बरसात के पूर्व लोग अपने अपने घरों की सुरक्षा करते हैं और शासन द्वारा नाली रोड तालाब की स्वच्छता व सुरक्षा तथा बाढ से बचाव की तैयारी किया जाता है। अब चूंकि बरसात प्रारंभ हो चुकी है इसके पुर्व नहीं रोड की मरम्मत हो पाई और नहीं नालीयों की सफाई। पुसौर के कई तालाबों की स्थिति ऐसा है कि जो सौदर्यीकरण के चक्कर में जेसीपी लगाकर गहरा कर रहे थे और वह पचरी निर्माण कराया जाना था वह भी पुरा नहीं हो पाया है। इसी तरह क्षेत्र के कई तालाबों के मेड भी कटे हुये जिसके कारण तालाबों में जल भराव नहीं हो सकता है जिसमें स्थानीय प्रशासन और संबंधित हितग्राही किसान भी सुस्त है।

### मारपीट का आरोपी भेजा गया जेल

**रायगढ़।** मिट्ठूमुडा में रहने वाले महावीर चौहान उम्र 40 वर्ष द्वारा उसके छोटे भाई अजय चौहान पर मामूली बातों पर मारपीट करने और घर में रखे सब्जी काटने वाले चाकू से चोट पहुंचाने की रिपोर्ट दर्ज कराया। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि उसका भाई अजय आए दिन घर पर झगड़ा विवाद करता है। 18 जून के दोपहर करीबन 12 बजे अजय चौहान शराब के नशे में घर आकर मां से शराब पीने के लिये रूपये मांग रहा था जिसे रूपये नहीं मिलने पर इसके साथ गंदी.गंदी गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा और आवेश में आकर घर में रखे सब्जी काटने के चाकू से मारपीट कर चोट पहुंचाया है। मारपीट की रिपोर्ट पर थाना जूटमिल में आरोपी अजय चौहान 25 साल के विरूद्ध धारा 294,506,323,327 का अपराध पंजीबद्ध कर आहत महावीर चौहान का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया, मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण में धारा 324 विस्तारित कर आरोपी अजय चौहान को 19 जून के देर शाम जूटमिल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को कल जूटमिल पुलिस द्वारा न्यायालय रिमांड लेने पेश किया गया था।

## पेज 1 का शेष

### नागरिकों की सेहत...

सामग्री शामिल हैं। साथ ही नगर में कई दुकानदार विभिन्न प्रकार के अमानक केक सहित अन्य खाद्य सामग्री बेच रहे हैं। इन खाद्य सामग्री की पेकिंग पर एक्सपायरी डेट व कंपनी का नाम तय नहीं होता है, जबकि अधिकांश बच्चे इन पैक खाद्य पदार्थों को बड़े ही चाव से खाते हैं। स्नैक्स बनाने वाले लोकल व्यापारी पैक बंद उत्पाद खासकर बच्चों के लिए तैयार कर रहे हैं तथा ऐसे अमानक उत्पादों को धड़ल्ले से बाजार में बेचा जा रहा है। इस हाल में बिना नियम कानून के बेची जा रही खाद्य सामग्री न केवल बच्चों की सेहत बिगाड़ सकती हैए बल्कि जानलेवा भी हो सकती है। हैरानी इस बात की है कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की सांठ.गांठ से यह सब खेल चल रहा है।बड़े दुकानदार खुद करवा रहे पैकिंग-बता दें कि शहर में कुछ बड़े दुकानदार प्रिंटेड पैकिंग में घर और गोदामों पर माल को पैक करवा रहे हैं। इन पर मूल्य, मेन्युफेक्चरिंग और न ही एक्सपायरी तिथि होती है। वहीं भाव बाजार में चल रहे ताजा दर के अनुसार वसूलते हैं। वहीं, मिष्ठान दुकानदार भी पैकेगिंग मावा व अन्य मिष्ठान बेचते हैं। इसके अलावा दाल, बेसन, मैदान ए आटा, नमक समेत ढ़ेरों खाद्य सामग्री बगैर प्रिंटिंग पैक होकर बाज़ार में आ रही है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पूरे जिले में सामूहिक योगाभ्यास

# योग भारत देश की प्राचीन विरासत: देवेन्द्र





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

21 जून को दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। रायगढ़ के बोईरदादर स्टेडियम में प्रातः 7 बजे से राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में सामूहिक योगाभ्यास प्रारंभ हुआ।

कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, डीएफओ सुश्री स्टाइलो मंडावी, एडीएम सुश्री संतन देवी जांगडे, अपर कलेक्टर राजीव पांडेय उपस्थित रहे। सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों द्वारा 1 घंटे के अभ्यास सेशन में 20 से भी अधिक आसनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि स्वयं और समाज के लिए योग इस वर्ष योग दिवस का थीम है। शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए यह थीम रखा गया है। योग की परंपरा अत्यंत प्राचीन है। सदियों से स्वस्थ तन मन के लिए योगाभ्यास किया जा रहा हैए जिसे आज पूरी दुनिया अपना रही है। योग दिवस के आयोजन का इतिहास देखें तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस आयोजन की अवधारण यूनाइटेड नेशन में रखा था। जिसके फलस्वरूप आज पूरी देश दुनिया में यह आयोजन किया जाता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का यह कार्यक्रम पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने योग से रायगढ़ शहर के पुराने जुड़ाव का एक संस्मरण साझा करते हुए बताया कि आज से करीब 50 वर्ष पूर्व सन 1967 में पंचम अंतर्राष्ट्रीय योग सम्मेलन का आयोजन रायगढ़ शहर में हुआ था। इस अवसर पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का यह कार्यक्रम रायगढ़ जिला मुख्यालय के साथ सभी ब्लॉक मुख्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी मनाया जा रहा है। योग से होने वाले फायदों के बारे में आज अंतर्राष्ट्रीय पटल पर चर्चा हो रही है। योग न केवल शरीर बल्कि मन को भी स्वस्थ बनाता है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी को योगाभ्यास को अपनी जीवन शैली में जरूर शामिल करना चाहिए। योगाभ्यास कार्यक्रम के द्वारा यहां स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरूशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया था। जहां बीपीए शुगर जांच के साथ दवा वितरण किया गया।

## जेएसपी फॉउंडेशन के योगाभ्यास में शामिल हुए बच्चे



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को करें योग .रहें निरोग के नारे को सार्थक बनाने जेएसपी फॉउंडेशन ने फोर्टिज ओपी जिंदल हास्पीटल, जिंदल आशा के विशेष बच्चों सहित लगभग एक दर्जन गावों में ग्रामीण महिलाओ और विद्यार्थियों के लिए योग के कार्यक्रम आयोजित कर योग की महत्ता का सन्देश दिया।

योगाभ्यास के इस आयोजन से लगभग 230 लोग लाभान्वित हुए। जिन्दल स्टील एन्ड पॉवर के चेयरमैन एवं सांसद नवीन जिंदल स्वयम नियमित रूप से योग करते हैं और लोगों को स्वस्थ रहने सदैव योग करने प्रेरित करते हैं। उनका मानना है की योग शारीरिक स्वास्थ्य व मानसिक संतुलन के साथ शांति का सशक्त माध्यम है इसलिए योग स्वयं के साथ साथ पुरे समाज के लिए है। जेएसपी फॉउंडेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ग्राम कोसमनारा के विद्यालय में आयोजित योगाभ्यास के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और महिलाओ सहित शिक्षकों ने भाग लिया और योग गुरु की मौजूदगी में योग किया। इस कार्यक्रम में फोर्टिज ओपी जिंदल हास्पीटल के अंजनी सिंह, रामनारायण पटेल सहित स्वास्थ्य कर्मियों ने भी हिस्सेदारी निभाते हुए योग किया। इसके अलावा आस पास के ग्रामों में ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यक्रम वात्सल्य से सम्बद्ध स्वास्थ्य संगिनियों के माध्यम से महिलाओ और बच्चों के लिए योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किये गए।

## एनटीपीसी लारा में मनाया गया अंतर राष्ट्रीय योग दिवस



एनटीपीसी लारा में 10वें अंतर राष्ट्रीय योग दिवस पर सुबह कर्मचारियों ने सह.परिवार समूह योगाभ्यास कर योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार द्वारा सभी को योगाभ्यास करने तथा समाज के हितों के लिए दूसरों को भी योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। इस वर्ष की थीम स्वयं एवं सनज के लिए योग पर लोगों को संबोधित करते हुए कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार ने कहा योग सिर्फ एक व्यायाम नहीं, नियमित योगाभ्यास करने से मानसिक शांति एवं एकाग्रता में वृद्धि होती है। यह शारीरिक कला हमारे प्राचीन भारत की धरोहर है जो की अब समग्र ब्रह्मांड के सामग्रीक विकास के लिए मार्ग दर्शन कर रहा है। उन्होने कहा सभी को रोजाना योगाभ्यास करने के साथ साथ दूसरों को भी योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित करें ताकि समाज भी इससे लाभान्वित हो। इस मौके पर औडियो वार्ता की माध्यम से श्री कुमार ने सभी को नियमित योग करने तथा दूसरों को भी योग करने के लिए प्रेरित करने को अपील की।

## घरघोड़ा न्यायालय में योग दिवस मना



**घरघोड़ा।** तहसील विधिक सेवा समिति घरघोड़ा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर न्यायालय परिसर में योग दिवस आयोजित किया गया। घरघोड़ा के जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अभिषेक शर्मा के मुख्य आतिथ्य पर योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य योग शिक्षक श्रीमती विजया पंडा द्वारा योग कराया गया। इस अवसर पर जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अभिषेक शर्मा ने सभी उपस्थित न्यायालय कर्मचारी एवं अधिवक्तागण को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के दिन हम सबके लिए अत्यंत प्रसन्नता का दिन है भारत की योग पद्धति को विश्व में सराहा जा रहा है तथा लोगों में योग के प्रति जागरूकता हुई है योग करने से मनुष्य के शारीरिक एवं मानसिक विकार दूर होते हैं तथा कार्य करने में एक नई ऊर्जा का संचार होता है। आज के कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ घरघोड़ा द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी आयोजित किए गए जिसमें स्थानीय न्यायलयीन परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

## निगम परिसर में 3 सौ स्वच्छता दीदियों का योगाभ्यास



निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी के निर्देश पर शुक्रवार की सुबह निगम परिसर में सुबह 7 बजे से विश्व योग दिवस के मौके पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान निरोगी कायाए स्वस्थ तन.मन के लिए निगम के अधिकारी कर्मचारी सहित 300 से ज्यादा स्वच्छता दीदियों ने कार्यक्रम में शामिल होकर योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक तीरथ राम यादव ने सबसे पहले योग और योगाभ्यास का संक्षिप्त परिचय देते हुए इसके महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन इसे अपने दिनचर्या में शामिल करने पर किसी भी तरह की बीमारी नहीं होगी और योग करने वाला हर एक व्यक्ति निरोगी काया का मालिक होगा। इससे वह डॉक्टर के पास जाने और दवाइयां खाने से बचेंगे। सबसे पहले वार्मअप के तौर हाथ, पैर, सिर, गर्दन, कमर, घुटने संबंधित सामान्य आसान करा, गए। इसके बाद प्राणायाम अभ्यास हुआ। योगाभ्यास में ताड़ासनए वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन का अभ्यास किया गया।

## जेपीएल तमनार में योग दिवस का आयोजन



जेएसपी फाउण्डेशनए जेपीएल तमनार द्वारा 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर संयंत्र निकटस्थ ग्रामों में योग अभ्यास एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें शताधिक कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने योग के विभिन्न मुद्राओं पर योग अभ्यास कर इसे अपने दैनिक जीवनचर्या में सम्मिलित करने का शपथ लिया। इस अवसर पर संयंत्र के निकटस्थ ग्राम तमनार, लिबरा, कचकोबा एवं बांध प्रक्षेत्र के ग्राम राबो, स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, कुंजेमुरा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गयाए जिसमें भारी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं योग प्रेमी जनमानस ने सहभागिता निभाकर योग अभ्यास किया। इस अवसर पर जिंदल पावर लिमिटेड की संबंध अन्य ईकाईयों ओपी जिंदल स्कूल हुंकराडीपा, कुंजेमुरा, बांध परिक्षेत्र राबो, सीएचपी माइंस कार्यालय लिबरा, गारे पालमा बीटीसी कार्यालय एवं कलमा बांध परिक्षेत्र में भी योग अभ्यास एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## बुनगा में पांच दिवसीय योग शिविर



पुसौर विकासखंड के आयुष्माम आरोग्य मंदिर बुनगा में 10 वा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 17 से 21 जून तक योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 263 लोगों ने योगाभ्यास किए प्रातः 5 से 7 बजे तक योग प्रशिक्षक दुलामणी रजक के द्वारा योगाभ्यास करवाया गया योग शिविर में ध्यान सूक्ष्म व्यायाम अनुलोम विलोम कपाल भाती प्राणायाम भ्रामरी प्राणायम नौकासन सूर्य नमस्कार शवासन वृक्षासन तिर्यकासन पवन मुक्तासन मकर आसन बजरासन चक्रासन हास्यासन इत्यादि अभ्यास कराया गया समापन समारोह में 21 जून को डॉक्टर अजय नायक एमएडी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि योग सिर्फ एक शारीरिक व्यायाम ही नहीं बल्कि मनुष्य के जीवन में वैचारिक बदलाव का भी सशक्त माध्यम है नियमित योगा से शारीरिक विकास के साथ साथ मानसिक उन्नति का भी मार्ग प्रशस्त होता है। रोगों से मुक्ति में भी लाभकारी होता है योग सबंधित एवम उच्च रक्तचाप जीवन शैली में बदलाव मधुमेह से बचाव इत्यादि जानकारी के पंपलेट वितरण कर आम जनता को योग एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया तथा सभी लोगों से अपील की गई की अधिक से अधिक लोग प्रतिदिन आधा से एक घंटा योगाभ्यास जरूर करें।

# दीदी सदन के भूमिपूजन में शामिल हुए ओपी, मातृ शक्ति को किया नमन



**रायगढ।** माताओं बहनों के लिए दीदी सदन का भूमि पूजन करते हुए विधायक रायगढ़ एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा रायगढ़ वासियों ने जो अपार स्नेह आशीर्वाद दिया है मैं हमेशा ऋणी रहूँगा।

मोदी जी के बयान को दोहराते एम हुए कहा कामों के लिए हेड लाइन बल्कि डेड लाइन तय होनी चाहिए। कार्यों को जल्द से जल्द गुणवत्ता पूर्ण तरीके से समय अवधि में पूरा करना मेरी पहली प्राथमिकता है। जिला प्रशासन के अधिकारी सभी कार्यों का रोड मैप बनाकर रखते है। वर्षा ऋतु के बावजूद उन्होंने यह भरोसा दिलाते हुए कहा भाई दूज के दिन महिला सदन का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। जनता के आशीर्वाद से प्रेरित होने की बात दोहराते हुए ओपी चौधरी ने कहा इस भवन के संचालन में किसी का हस्तक्षेप नहीं होगा दीदी स्वय तय करेगी कि भवन का संचालन किस तरह से होगा। विष्णु देव साय सरकार द्वारा शुरू की गई महतारी वंदन योजना का जिक्र करते हुए मंत्री श्री चौधरी ने कहा इतनी बड़ी योजना देश के किसी प्रदेश में नही है। हर महीने मेरे हस्ताक्षर से पैसे जब प्रदेश की बहनों के खाते में हस्तान्तरित होते तो मुझे आत्मिक संतोष का अनुभव होता है। उद्बोधन के दौरान ओपी ने अधिकारियों से इस भवन का निर्माण मजबूती से करने की बात कही ताकि भविष्य में जरूरत पड़ने पर इसके ऊपर निर्माण कराया जा सके।

### स्कूटी चालक से 10 लीटर महुआ शराब जब्त

**रायगढ़।** भूपदेवपुर पुलिस की पेट्रालिंग द्वारा ग्राम किरीतमाल एनएच 49 पर घेराबंदी कर इलेक्ट्रानिक स्कूटी पर महुआ शराब की तस्करी कर रहे युवक को पकड़ा गया है। जानकारी के मुताबिक एक व्यक्ति महुआ शराब अवैध बिक्री के लिये इलेक्ट्रानिक स्कूटी पर लेकर ग्राम किरीतमाल की ओर आ रहा है। थाना प्रभारी द्वारा पेट्रोलिंग स्टाफ को तत्काल किरीतमाल पहुंचकर कार्रवाई करने निर्देशित किया गया। थाना भूपदेवपुर की पेट्रोलिंग द्वारा ग्राम किरीतमाल एनएच.49 के समीप घेराबंदी कर संदेही स्कूटी चालक को शराब तस्करी करते पकड़ा गया। संदेही अपना नाम डिगाम्बर साहू पति गजानंद साहू उम्र 31 वर्ष निवासी किरीतमाल थाना भूपदेवपुर जिला रायगढ़' बताया जिसके कब्जे से शराब जब्त किया गया।

# ग्रामीण विकास की बैठक में की पीएम आवास के प्रगति की समीक्षा

**सारंगढ़।** धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, बिहान, स्वसहायता समूह आदि के कार्यों की प्रगति के संबंध में सभी अधिकारियों कर्मचारियों से जानकारी ली। कलेक्टर श्री साहू ने कहा कि नदी नाला में बंधान जैसे निर्माण कार्यों को प्राथमिकता में किया जाना है। साथ ही वृक्षारोपण का कार्य भी शीघ्र करना है।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के रोजगार सहायक और सचिवों को निर्देशित किया है कि किसी भी हितग्राही के पास स्थान नहीं है घर बनाने के लिए तो उसका आवास स्वीकृति के लिए प्रक्रिया में नहीं रखे। यदि प्रक्रिया में रखा जाता है तो हितग्राही के पास स्थान नहीं होने के कारण शासन का पहला किश्त हितग्राही के खाते में जाता है और वह घर नहीं बनाता फिर वसूली कार्यवाही करना होगा। ऐसे में हितग्राही और शासन दोनों का समय और कार्य बढ़ जाता है। ऐसे में हितग्राही के पास स्थान होने पर ही आवास स्वीकृत करें। कलेक्टर ने चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसा भी नहीं होना चाहिए कि किसी हितग्राही को स्थान नहीं की फर्जी जानकारी शासन को देकर कोई पंचायतकर्मी हितग्राही का काम रोक दे। उन्होंने जांच अधिकारियों को कहा कि निर्माण संबंधी कार्यों में गुणवत्ता की जांच कर लें। ऐसा न हो कि भवन के निर्माण के बाद भवन के सामने में गड्ढा हो। साथ ही खिड़की दरवाजा का कब्जा जाम न होए आसानी से खुलें। इसी प्रकार सीमेंट की सफाई किए बिना ठेकेदारों को पेंटिंग नहीं करना चाहिए। सीमेंट साफ किए नहीं रहते और पेंटिंग कर देते हैं तो उसके कार्य में क्वालिटी की कमी है। इस अवसर पर परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान, उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव, पशु चिकित्सा अधिकारी, सुनील जोल्हे, सीईओ जनपद संजू पटेल, प्रज्ञा यादव, प्रतीक प्रधान, एसडीओ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा भोजकुमारी खांडेकर, उद्यानिकी अधिकारी सहित बड़ी संख्या में पंचायतकर्मी उपस्थित थे।

## जल शक्ति थीम पर महिलाओं की भागीदारी

# नारी शक्ति ने चलाया जल संरक्षण अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जल संरक्षण एवं भू.जल निर्भरता कम करने हेतु जल शक्ति अभियान कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस वर्ष यह अभियान नारी शक्ति से जल शक्ति थीम के साथ चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य जल संरक्षण में महिलाओं की सक्रिय भूमिका को बढ़ावा देना और उनके योगदानों को पहचान देना है।

कलेक्टर के निर्देश व सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले में जल शक्ति अभियान के तहत सभी पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किए जाने की रूपरेखा तैयार की गई है। सिंचाई विभाग को अभियान का नोडल बनाया गया है। कार्ययोजना के सुचारू संचालन एवं विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित करने हेतु जल संसाधन संभाग, रायगढ़ द्वारा जल शक्ति केन्द्रए रायगढ़ की



स्थापना की गई है। जल शक्ति अभियान 2024 के लिए पंचायतों में महिलाओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाएगाए साथ ही जल संचयन के लिए अधोसंरचना विकास और प्रबंधन के लिए अंतर्विभागीय समन्वय से कार्य किया जाएगा। ईई सिंचाई विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जल शक्ति के लिए बनाई गई कार्ययोजना में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा रायगढ़ जिले के सभी पंचायतों में जल शक्ति अभियान के तहत सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं को पेयजल जांच संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जल संरक्षण की दिशा में विशेष पहल करते हुए स्कूली बच्चों के लिए कार्यशाला आयोजित की जाएगी। जल संसाधन विभाग रायगढ़ द्वारा जल संसाधन विभाग के डेम के गाद सफाई का कार्य कराया जाएगा। जिला पंचायत द्वारा चेकडेम, बोल्डर चेक डेमए मिट्टी चेक डेमए तालाबों का निर्माण मरम्मत कार्य एवं वाटर कंजर्वेशन हेतु ट्रेप निर्माणए कुंआ निर्माणए सोकपिट, परकोलेशन टैंक जैसे अन्य निर्माण कराया जाएगा। इसी प्रकार जंगली.जानवरों के लिए पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं जल संग्रहण हेतु वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण और पानी रोकने हेतु जलीय संरचनाओं का निर्माण कराया जाएगा। रायगढ़ में स्थापित जल शक्ति केंद्र जल संरक्षण की दिशा में जिले के जल संरक्षण तकनीकों से संबंधित सूचनाओं के प्रसार के लिए ज्ञान केंद्र होंगे और लोगों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।




